Need to set up Electric Loco Periodical Overhauling Workshop in Kalahandi Parliamentary Constituency ? laid

श्री बसंत कुमार पंडा (कालाहाण्डी): मेरा क्षेत्र कालाहांडी देश का बहुत पिछड़ा क्षेत्र है, जिसमे दो जिलों नुआपड़ा और कालाहांडी आते है जो कि आज भी कई सुविधाओं से वंचित है और दोनों जिले ही आदरणीय प्रधानमंत्री जी के परिकल्पना के अनुसार आकांक्षी जिला है । लोग काम के आभाव में राज्य को छोड़कर दूसरे राज्यों में पलायन करते है । मैं माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहूँगा कि केंद्रीय सरकार ने मेरे जिले कालाहांडी के नरला विधानसभा में एक नई रेलवे परियोजना "इलेक्ट्रिक लोको पेरिओडिकल ओवरहालिंग वर्कशॉप" रु. 186.37 करोड़ रूपये की लागत से मंजूरी दी है । लेकिन अब तक कार्य आरंभ नहीं हुआ । इस परियोजना के लिए ओडिश सरकार द्वारा 328.35 एकड़ जमीन रेलवे को प्रदान की जानी है, कार्य आरंभ करने के लिए 80% भूनि में से 65% भूमि रेलवे द्वारा अधिग्रहित की जा चुकी है, जिस पर कार्य आरंभ किया जा सकता है । मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि उक्त महत्वपूर्ण परियोजना को गंभीरता से ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द रेलवे द्वारा अधिग्रहित भूमि पर कार्य प्रारंभ किया जाए, साथ ही 35% भूमि आबंटन के लिए राज्य सरकार को निवेदन करें ताकि एक उद्योग की भी शुरुआत हो जाए और रोजगार का भी सृजन हो सकें । भारत को आत्मनिर्भर बनाने के तर्ज पर और नए रोजगार स्थापित करने के लिए यह कार्य बहुत ही आवश्यक है ।